43100 - उसने बिना वैध कारण के धन लिए है तो वह कैसे तौबा करे ?

प्रश्न

वह एक सरकारी विभाग में ज़िम्मेदार था। उसके पास अवैध तरीक़े से कुछ संसाधन आते थे। फिर अल्लाह तआला ने उसे हिदायत दे दी। तो वह उन चीज़ों के बारे में क्या करे जिन्हें उसने अवैध रूप से सर्च किए हैं ? जबकि ज्ञात रहे कि वह उनकी संख्या को याद नहीं रखता है ?

विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह के लिए योग्य है।

उसके ऊपर अनिवार्य है कि उसने हर एक व्यक्ति से जो कुछ लिया है, उसे उसके हक़दार को लौटा दे अगर वह मौजूद है या फिर उसके वारिसों को (दे दे)। अगर हर तरफ से उसके लिए वापस लौटाना मुश्किल हो जाए, तो वह उस माल को उसके मालिक की नीयत पर दान कर दे। और अल्लाह तआला ही तौफीक़ प्रदान करने वाला है।